# 2022
# सामान्य हिन्दी

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक :** 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो भागों – खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख' में विभाजित है।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड – क

1. (क) पं० प्रताप नारायण मिश्र द्वारा सम्पादित पत्रिका है : **[1]**

(i) 'आनन्द कादम्बिनी' (ii) 'हिन्दी प्रदीप' (iii) 'ब्राह्मण' (iv) 'दिनमान'

(ख) रामचन्द्र शुक्ल की रचना है : **[1]**

(i) 'साहित्य लोचन' (ii) 'साहित्य सहचर' (iii) 'त्रिवेणी' (iv) 'आलोचक की आस्था'

(ग) 'कर्मभूमि' किस विधा की रचना है ? : **[1]**

(i) उपन्यास (ii) निबन्ध (iii) कहानी (iv) आलोचना

(घ) 'भाग्य और पुरुषार्थ' के लेखक हैं : **[1]**

(i) जैनेन्द्र कुमार (ii) श्यामसुन्दर दास (iii) गुलाब राय (iv) विद्यानिवास मिश्र

(ङ) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित पत्रिका है : **[1]**

(i) 'विभोचन सुधा' (ii) 'उचित वक्ता' (iii) 'भारतमित्र' (iv) 'सरस्वती'

2. (क) 'पद्मावत' का रचना काल है : **[1]**

(i) आदिकाल (ii) भक्तिकाल (iii) रीतिकाल (iv) आधुनिक काल

(ख) 'सरोजस्मृति' के रचयिता हैं : **[1]**

(i) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) महादेवी वर्मा (iv) 'अज्ञेय'

(ग) निम्नलिखित कवियों में कौन छायावादी कवि नहीं हैं ? : **[1]**

(i) 'नागार्जुन' (ii) सुमित्रानन्दन पन्त (iii) जयशंकर प्रसाद (iv) महादेवी वर्मा

(घ) निम्न में से रीतिकाल के किस कवि ने वीर रस में रचना की है ? : **[1]**

(i) घनानन्द (ii) पद्माकर (iii) बिहारी लाल (iv) 'भूषण'

(ङ) 'तार सप्तक' के सम्पादक थे : **[1]**

(i) 'अज्ञेय' (ii) धर्मवीर भारती (iii) 'दिनकर' (iv) गिरिजा कुमार माथुर

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[5 × 2 = 10]**

जन का प्रवाह अनन्त होता है। सहस्रों वर्षों से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातःकाल भुवन को अमृत से भर देती हैं, तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है। इतिहास के अनेक उतार-चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र निवासी जन नयी उठती लहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर-अमर हैं। जन का संततवाही जीवन नदी के प्रवाह की तरह है, जिसमें कर्म और श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक घाटों का निर्माण करना होता है।

(i) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) जन का प्रवाह का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) भूमि के साथ किसने तादात्म्य प्राप्त किया है ?

(iv) जन का जीवन किस तरह है ?

(v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

भाषा स्वयं संस्कृति का एक अटूट अंग है। संस्कृति परंपरा से निसृत ज्ञान पर भी, पौरुषपूर्ण और गतिशील है। उसकी गति विज्ञान की

प्रगति के साथ जोड़ी जाती है। वैज्ञानिक आविष्कारों के प्रभाव के कारण उद्भूत नयी सांस्कृतिक हलचलों को शाब्दिक रूप देने के लिए भाषा के परंपरागत प्रयोग पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए नये प्रयोगों की नयी भाव योजनाओं को व्यक्त करने के लिए नये शब्दों की खोज की महती आवश्यकता है।

(i) पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) भाषा किसका अटूट अंग है ?

(iii) किसकी गति विज्ञान की प्रगति के साथ जोड़ी जाती है ?

(iv) सांस्कृतिक हलचलें किसके लिए पर्याप्त नहीं हैं ?

(v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[5 × 2 = 10]**

दु:ख की पिछली रजनी बीच
विकसता सुख का नवल प्रभात।
एक पर्दा यह झीना नील
छिपाये है जिसमें सुखगात्र।
जिसे तुम समझे हो अभिशाप
जग की ज्वालाओं का मूल,
इश का वह रहस्य वरदान
कभी मत इसको भूलो।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) श्रद्धा किसके हताश मन को प्रेरणा दे रही है ?

(iii) रजनी किसका प्रतीक है ?

(iv) सुख का नवल प्रभात कब आता है ?

(v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

सुख भोग खोजने आते सब,
आये तुम करने सत्य खोज।
जग की मिट्टी के पुतले जन,
तुम आत्मा के मन के मनोज।

जड़ता हिंसा स्पर्धा में भर
चेतना अहिंसा नम्र ओज,
पशुता का पंकज बना दिया
तुमने मानवता का सरोज।

(i) कवि और कविता का शीर्षक लिखिए।

(ii) मानव नश्वर संसार में आकर किसकी खोज करता है ?

(iii) मनुष्य क्या है ?

(iv) सत्य की खोज करने कौन आया ?

(v) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) **[3 + 2 = 5]**

(i) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी (ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी (iii) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) **[3 + 2 = 5]**

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (iii) महादेवी वर्मा

6. 'पंचलाइट' अथवा 'बहादुर' कहानी की कथावस्तु का सार लिखिए। (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) **[5]**

**अथवा**

'ध्रुव-यात्रा' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) **[5]**

(i) 'मुक्तियज्ञ' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा** 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'द्रौपदी' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। **अथवा** 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

(iii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के अन्तिम सर्ग की कथा लिखिए। **अथवा** 'कर्ण का चरित्र महान है।' रश्मिरथी खण्डकाव्य के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(iv) 'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधी जी का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा** 'आलोक-वृत्त' का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(v) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की कथावस्तु का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। **अथवा** 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'दशरथ' का चरित्रंकन कीजिए।

(vi) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्धन की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। **अथवा** 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के कथानक पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड – ख

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **[2 + 5 = 7]**

संस्कृतसाहित्यस्य आदिकविः वाल्मीकिः, महर्षि व्यासः, कविवुलगुरुः कालिदासः, अन्ये च भास-भारविभवभूत्यादयः महाकवयः स्वकीयैः ग्रन्थरत्नैः अध्यापि पाठकानां हृदि विराजन्ते। इयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च, यतो भारतमातुः स्वातंत्र्यम्, गौरवम्, अखण्डत्वं सांस्कृतिकमेकत्वं च संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते। इयं संस्कृतभाषा सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा श्रेष्ठा चास्ति।

**अथवा**

महामना विद्वान् वक्ता धार्मिको नेता, पटुः पत्रकारश्चासीत्। परमस्य सर्वोच्चगुणः जनसेवेव आसीत्। यत्र कुत्रापि अयं जनान् दुःखितान् पीडयमानांश्चापश्यत् तत्रैव सः शीघ्रमेव उपस्थितः सर्वविधं साहाय्यञ्च अकरोत्। प्राणिसेवा अस्य स्वभाव एवासीत्।

(ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **[2 + 5 = 7]**

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय।
खलस्य साधोः विपरीतमेतज्ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय।।

**अथवा**

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : **[1 + 1 = 2]**

(i) आँख का तारा होना (ii) नाक में नकेल डालना (iii) सावन हरे न भादो सूखे (iv) मक्खन लगाना

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'साक्षरः' का सही सन्धि-विच्छेद है : **[1]**

(अ) स + अक्षरः (ब) सा + अक्षरः (स) साक्ष + रः (द) सा + क्षरः

(ii) 'नरेन्द्रः' का सही सन्धि-विच्छेद है : **[1]**

(अ) नर + इन्द्रः (ब) नरे + न्द्रः (स) न + रेन्द्रः (द) नरै + द्रः

(iii) 'स्वागतम्' का सही सन्धि-विच्छेद है : **[1]**

(अ) सु + आगतम् (ब) सुआ + गतम् (स) सू + आगतम् (द) स्व + गतम्

(ख) दिए गए निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'आत्मने' शब्द में विभक्ति और वचन हैं : **[1]**

(अ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन (ब) पंचमी विभक्ति, द्विवचन (स) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन (द) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(ii) 'नाम्ना' शब्द में विभक्ति और वचन हैं : **[1]**

(अ) तृतीया विभक्ति, एकवचन (ब) प्रथमा विभक्ति, द्विवचन (स) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन (द) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए : **[1]**

(i) श्रवण – श्रमण

(अ) पाप और पुण्य (ब) सज्जन और दुर्जन (स) कान और भिक्षु (द) सावन और परिश्रमी

(ii) अंस – अंश

(अ) अंकुर और हिस्सा (ब) हिस्सा और अंकुर (स) कंधा और हिस्सा (द) हिस्सा और कन्धा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए : **[1 + 1 = 2]**

(i) अम्बर (ii) चपला (iii) जड़

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए :

(i) अनुकरण करने योग्य : **[1]**

(अ) अनुकरणीय (ब) अमर (स) अजर (द) अक्षय

(ii) वन में रहनेवाला : **[1]**

(अ) वनवासी (ब) नगरीय (स) ग्रामीण (द) पहाड़ी

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **[1 + 1 = 2]**

(i) महादेवी वर्मा विद्वान कवयित्री थीं।

(ii) अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहा है।

(iii) तुम मेरे से मत बोलो।

(iv) वह लड़के को पढ़ाया हूँ।

12. (क) 'शृंगार रस' अथवा 'शान्त' रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए। **[1 + 1 = 2]**

(ख) 'अनुप्रास' अलंकार अथवा 'रूपक' अलंकार की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए। **[1 + 1 = 2]**

(ग) 'सोरठा' छन्द अथवा 'कुण्डलिया' छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। **[1 + 1 = 2]**

13. छात्रवृत्ति हेतु बैंक में खाता खोलने के लिए बैंक अधिकारी को एक आवेदन-पत्र लिखिए। **[6]**

**अथवा**

अपने गाँव की सफाई हेतु सम्बन्धित अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : **[9]**

(i) बाढ़ की समस्या – कारण और निवारण (ii) स्वच्छता अभियान – जन-जन का कल्याण (iii) आरक्षण व्यवस्था – वरदान या अभिशाप (iv) साहित्य में लोक मंगल की भावना (v) कृषक-जीवन का यथार्थ स्वरूप